भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **1177**
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देखो अपना देश योजना

1177. श्री निहाल चन्द चैहानः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सम्पूर्ण देश में 'देखो अपना देश' योजना शुरू करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त योजना के लिए प्रस्तावित निधि का ब्यौरा क्या है तथा इस उद्देश्य के लिए निर्धरित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना में किन राज्यों/क्षेत्रों को शामिल करने का प्रस्ताव है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त योजना में राजस्थान के स्थानों को भी शामिल किया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) उक्त को कब तक योजना में शामिल किये जाने की संभावना है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

**(क)** से **(च):** पर्यटन मंत्रालय ने घरेलू पर्यटन के संवर्धन और राजस्थान सहित देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार योजना के अंतर्गत जनवरी **2020** में देखो अपना देश पहल को आरंभ किया था **।** यह पहल माननीय प्रधानमंत्री महोदय के दिनांक **15** अगस्त**, 2019** के उस वक्तव्य के अनुरूप है जिसमें उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक से वर्ष **2022** तक कम से कम **15** गंतव्य की यात्रा करने का अनुरोध किया था**।**

इस पहल के अंतर्गत यह मंत्रालय अपने देश तथा राजस्थान सहित देश के पर्यटन गंतव्यों/उत्पादों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से वेबीनार, ऑनलाइन शपथ तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आदि जैसे संवर्धनात्मक कार्यकलापों का आयोजन कर रहा है **।** देखो अपना देश पहल का मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट तथा वेबसाइट पर और घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा व्यापक रूप से प्रचार किया जा रहा है **।**

*****